### एक नजर में

## अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना की बैठक संपन्न


**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में आज जिला न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना अंतर्गत गठित समिति की बैठक का आयोजन किया गया।**

बैठक में मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना 2015 के अंतर्गत 2 प्रकरण रखे गये, जिसमें प्रतिकर राशि चार लाख रूपये मात्र के आदेश पारित किया या साथ ही मॉनीटरिंग सेल की मीटिंग में आवश्यक दिषा निर्देश जारी किये गये। इस अवसर पर कलेक्टर टीकमगढ़ विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई, मुख्य न्यायिक मजिस्टेट प्रियंक दुवे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती सुनीता गोयल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में आज जिला न्यायालय परिसर के सभाकक्ष में मध्यप्रदेश अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना अंतर्गत गठित समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

# नशे में स्कूल पहुंचे शिक्षक का वीडियो वायरल

**मोहनगढ़ क्षेत्र के बरेठी की पाठशाला का है मामला**

**कलेक्टर के निर्देशन में विभाग ने की कार्यवाही**



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी टीकमगढ म.प्र.

क्रमांक/सर्तकता/2025/4329 टीकमगढ, दिनॉक 25.07.2025

----0 आदेश 0----

दिनॉक 25.07.2025 को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें श्री सुखलाल सौर, प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शाला ढिमरौला बरेठी, शासन, प्रशासन के प्रति असंसदीय भाषा का उपयोग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनका यह कृत्य म0प्र0सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के उपनियम 3 एवं 10 के विपरीत है। अतः उक्त आरोप की पुष्टि संकुल प्राचार्य उमावि लिधौरा से कराई गई जिसमें उक्त वायरल वीडियो की पुष्टि हुई है।

अतः उक्त आरोप में श्री सुखलाल सौर, प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शाला ढिमरौला बरेठी, को म0प्र0सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के उप नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी टीकमगढ़ नियत किया जाता है। निलंबन काल में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला टीकमगढ म0प्र0

पृ0 क्रमांक/सर्तकता/2025/4330 टीकमगढ, दिनॉक 25.07.2025

प्रतिलिपिः-
1. कलेक्टर महोदय जिला टीकमगढ़ की ओर निर्देश के पालनार्थ।
2. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सागर, संभाग-सागर।
3. विकासखंड शिक्षा अधिकारी जतारा / टीकमगढ, जिला टीकमगढ़।
4. संकुल प्राचार्य शा.उमावि लिधौरा, जिला टीकमगढ़
5. संबंधित श्री श्री सुखलाल सौर, प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शाला ढिमरौला बरेठी, की ओर आदेश पालनार्थ



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़/मोहनगढ़ बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षक अपने कर्तव्यों का पालन करता है जिससे बच्चें अच्छी से अच्छी शिक्षा हासिल कर सके मगर जब शिक्षक ही शराब के नशे में शालाओं में पहुंचगे तो बच्चों के भविष्य का क्या हाल होगा। ऐसा ही एक मामला मोहनगढ़ संकुल क्षेत्र की प्राथमिक पाठशाला बरेठी का सामने निकलकर सामने आया है। जिसमें शिक्षक का शराब के नशे बाला बीडियों जमकर सोशल मीडिया पर बायरल हो रहा है।**

दरअसल जन शिक्षा केंद्र लिधौरा एवं संकुल केंद्र मोहनगढ़ अंतर्गत आने वाली प्राथमिक पाठशाला बरेठी में पदस्थ शिक्षक सुखलाल सौर शुक्रवार को बच्चों के लंच के समय अपने शराबी मित्रो के साथ शराब के नशे में धुत होकर विद्यालय पहुंचा और उसने शाला परिसर में जमकर उत्पाद मचाया। ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक शाला ढिमरौला बरेठी में पदस्थ शिक्षक सुखलाल सौर शराब के नशे में रोजाना आकर बच्चों के सामने गाली गलौज करते है। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक बच्चों से भी गाली देकर बात करता हैं शिक्षक सुखलाल सौर आय दिन एक दो शराबियों को साथ में लेकर स्कूल पहुंचते है। शिक्षक बच्चों को पढ़ाने की जगह विद्यालय में उत्पाद मचाते हुए अक्सर देखे जाते है। ग्रामीणों ने उक्त शिक्षक के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की है। शराब के नशे में शालाओं में पहुंचगे तो बच्चों के भविष्य का क्या हाल होगा। ऐसा ही एक मामला संकुल क्षेत्र की प्राथमिक पाठशाला बरेठी का सामने निकलकर सामने आया है। बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षक अपने कर्तव्यों का पालन करता है जिससे बच्चें अच्छी से अच्छी शिक्षा हासिल कर सके मगर जब शिक्षक ही शराब के नशे में शालाओं में पहुंचगे तो बच्चों के भविष्य का क्या हाल होगा।

ऐसा ही एक मामला मोहनगढ़ संकुल क्षेत्र की प्राथमिक पाठशाला बरेठी का सामने निकलकर सामने आया है। जिसमें शिक्षक का शराब के नशे बाला बीडियों जमकर सोशल मीडिया पर बायरल हो रहा है। हालाकि जैसे ही यह बीडियों कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के संज्ञान में आया तो उन्होंनें तुरंत शिक्षा विभाग से इस मामले में जांच प्रतिवेदन मांगा और देर शाम दोषी शिक्षक को कार्यवाही से नवाजा गया।

### शिक्षक को जांच उपरांत किया निलंबित

जिला शिक्षा अधिकारी हनुमत सिंह ने बताया कि शिक्षक का कृत्य मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के उपनियम 3 एवं 10 के विपरीत है। आरोप की पुष्टि संकुल प्राचार्य उमावि लिधौरा से कराई गई जिसमें उक्त वायरल वीडियो की पुष्टि हुई है। आरोप में सुखलाल सौर प्राथमिक शिक्षक प्राथमिक शाला ढिमरौला बरेठी को नियम 1966 के उप नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी रहेगा।

## सौंदर्यीकरण के लिए बनेगा ग्रीन पॉकेट



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। शुक्रवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार नगर में सौंदर्यीकरण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से अंबेडकर तिराहा से झिरकी बगिया तक ग्रीन पॉकेट तैयार करने और सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। जिसको लेकर नपा सीएमओं ओमपाल भदौरिया ने कार्यस्थल का निरीक्षण किया।**

जानकारी के अनुसार में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। सीएमओ भदौरिया ने बताया कि यह इलाका शहर के प्रमुख मार्गों में शामिल है और यहां सौंदर्यीकरण से न केवल नगर की छवि निखरेगी, बल्कि नागरिकों को स्वच्छ व हरित वातावरण भी मिलेगा। ग्रीन पॉकेट के तहत पौधारोपण, पेवर्स, लाइटिंग जैसे कार्यों की योजना बनाई जा रही है। निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि सन्नी सोनी, शान मोहम्मद भी उपस्थित रहे। उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकताओं से सीएमओ को अवगत कराया। नगर पालिका द्वारा जल्द ही कार्य की रूपरेखा तैयार कर क्रियान्वयन शुरू किया जाएगा। सीएमओं ने बताया कि इस कार्य की प्रक्रिया को जल्द ही अमल में लाया जाएगा। जिसकी सभी तैयारिया नगर पालिका परिषद ने कर ली है।

## बिजली चोरी रोकने लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर



**नवभारत न्यूज टीकमगढ। शहर में बिजली चोरी रोकने के लिए आरएसएस योजना के तहत घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। नगर पालिका क्षेत्र में कुल 26 हजार उपभोक्ताओं में से अब तक 22 हजार घरों और प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं।**

विद्युत कंपनी के कार्यपालन अभियंता सुधीर कुमार सोनी ने बताया कि इस प्रणाली से उपभोक्ता अपनी बिजली खपत बिलिंग और रीकनेक्शन की स्थिति को मोबाइल ऐप पर स्वयं देख सकेंगे। इससे बिल संबंधी विवाद की स्थिति नहीं बनेगी।

अधीक्षण अभियंता एसके त्रिपाठी के अनुसार जिले में विद्युत व्यवस्था को पारदर्शी और तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के लिए आरएसएस योजना के अंतर्गत यह कार्य तेजी से चल रहा है। शहरी क्षेत्र में मोंटे कार्लो कंपनी और ग्रामीण क्षेत्र में अल्फ नार कंपनी की ओर से यह काम किया जा रहा है। विद्युत कंपनी के शहर इंचार्ज असिस्टेंड इंजीनियर नितिन बाथम ने बताया कि शहर के जिन 11 केवी फीडरों पर 75: से अधिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लग चुके हैं।

## विद्यालय में सर्प निकलने से फैली दहशत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक 2 में गुरुवार को कोबरा सांप निकला। स्कूल के चपरासी ने सांप को देखते ही स्कूल स्टाफ को जानकारी दी। प्राचार्य एनडी अहिरवार ने तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। सरकारी स्कूल में कोबरा सर्प निकलने से दहशत फेल गई।**

सूचना मिलते ही वन रक्षक दीपेश प्रजापति मौके पर पहुंचे और सांप का रेस्क्यू किया। स्कूल के शिक्षक करीम खां ने बताया कि स्कूल की पिछली बिल्डिंग के बगल में स्टोर रूम है। चपरासी जब वहां पहुंचा तो उसे सांप दिखाई दिया।सुरक्षा के लिए बच्चों को पीछे के क्लास रूम की ओर जाने से रोक दिया गया। वन रक्षक ने स्टिक से सांप को आंगन की ओर निकाला। फि र उसे सुरक्षित तरीके से पकड़कर कपड़े की थैली में रखा।वन रक्षक दीपेश प्रजापति ने बताया कि यह काले रंग का कोबरा था। कोबरा कालेए गहरे भूरे से लेकर पील-सफेद तक विभिन्न रंगों में पाए जाते हैं। इनकी गर्दन में विशेष मांसपेशियां और पसलियां होती हैं।

खतरा महसूस होने पर कोबरा अपने शरीर को ऊपर उठाकर फन फैलाकर और जोर से फुफकारते हैं। रेस्क्यू के दौरान भी कोबरा ने कई बार फुफकार लगाई। वनरक्षक ने सांप को सुरक्षित पकड़कर वन विभाग के जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया। शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल क्रमांक 2 में कोबरा सांप निकला।

## एसडीएम ने नहर से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। इस बार जिले में अच्छी बारिश के बावजूद कुछ तालाबों में पानी का भराव कम हुआ है। बड़ागांव तहसील के पोखना तालाब की पोषक नहरों पर अवैध कब्जे के कारण बारिश का पानी तालाब तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिसको लेकर एसडीएम लोकेंद्र सिंह सरल ने शुक्रवार को नहर से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है।**



स्थानीय लोगों की शिकायत पर शुक्रवार को टीकमगढ़ एसडीएम लोकेंद्र सिंह ने राजस्व टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से इस मुद्दे पर चर्चा कर समस्या का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामलाल प्रजापति ने बताया कि पोषक नहर के जीर्णोद्धार के लिए विधायक निधि से 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि दो बार टेंडर लगाया जा चुका है लेकिन ठेकेदार ने अभी तक काम शुरू नहीं किया है।

एसडीएम लोकेंद्र सिंह ने बताया कि तालाब की दोनों पोषक नहरों का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण में आरआई, पटवारी, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कई स्थानों पर नहर पर अवैध कब्जा मिला है और कई जगह नहर क्षतिग्रस्त हो गई है।

## हरियाली अमावस्या पर निकाली कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जन अभियान परिषद जिला समन्वयक सुनील कटियार के मार्गदर्शन में तथा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में हरियाली अमावस्या के अवसर पर कुंडेश्वर सेक्टर में नवांकुर संस्था सुदर्शन फ ाउंडेशन के द्वारा ग्राम पंचायत करमारई से नवांकुर सखी कार्यक्रम का शुभारंभ नवांकुर सखियों ने कलश यात्रा निकाल कर किया गया।**

इस अवसर पर ग्राम पंचायत करमारई में नवांकुर सखियों को पौधा तैयार करने के लिए 11 पालीथीन और बीज रोपित करने के लिए दिए गए।

उन्होंने शाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम का रोपण किया है। सभी महिलाओं को संकल्प दिलाया गया है कि अपने-अपने घरों पर एक-एक नर्सरी तैयार करें।

## भारतीय महिला क्रिकेटर का स्टेशन पर हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। इंग्लैंड में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ शुक्रवार को टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचीं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 6 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। मुख्यालय पहुंचने पर भारतीय महिला क्रिकेटर का भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत सहित अनेक लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।**



स्टेशन पर स्थानीय लोगों, नेताओं और खिलाड़ियों ने उनका फू ल मालाओं से स्वागत कर ढोल-नगाड़े बजाकर और मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं सहित नगर के लोगों ने उत्साह के साथ उन्हें बधाई दी। क्रांति ने बताया कि उनके करियर की शुरुआत उनके गृह नगर घुवारा में स्थानीय क्रिकेट टूर्नामेंट से हुई थी। इसके बाद उन्होंने मध्य प्रदेश और देश के अन्य राज्यों में महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लिया। अपनी लगन और मेहनत के कारण उन्हें भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल किया गया।

क्रांति ने युवा खिलाड़ियों को संदेश देते हुए कहा कि बच्चे यदि कुछ करना चाहते हैं तो माता-पिता को उनका सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता.पिता का बच्चों को आगे बढ़ाने में अहम योगदान होता है। क्रांति गौड़ बुंदेलखंड के छतरपुर जिले के घुवारा की रहने वाली हैं। वह दिल्ली से वंदे भारत ट्रेन से टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचीं। इसके बाद वह अपने गृह नगर घुवारा के लिए रवाना हुईं। उन्होंने बताया कि घुवारा और टीकमगढ़ से उन्होंने क्रिकेट की शुरुआत की थी। वह अपने जिले और बुंदेलखंड का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रही हैं।

## व्यवस्था को सुधारने सड़क पर उतरे सीएमओ

**सीएमओ ने दुकानदारों से किया संवाद स्थापित**

**हाथ ठेलों को हटवाकर किया वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट**





**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और आमजन को हो रही परेशानियों को देखते हुए नगर पालिका टीकमगढ़ ने अवैध रूप से मुख्य चौराहों पर खड़े किए गए ठेलों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया, जिसमें शहर के प्रमुख चौराहों से ठेलों को हटाकर उन्हें निर्धारित और वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट किया गया।**

नगर पालिका द्वारा यह कार्यवाही यातायात व्यवस्था को सुधारने, सड़कों पर अवैध अतिक्रमण को हटाने तथा आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई। सीएमओ भदौरिया ने स्पष्ट कहा कि शहर को साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित बनाना हम सभी की प्राथमिकता है। सड़क पर अतिक्रमण न केवल यातायात में बाधा बनता है बल्कि यह दुर्घटनाओं को भी निमंत्रण देता है। ऐसे में यह जरूरी हो गया था कि अवैध रूप से खड़े ठेलों को हटाया जाए। इस अभियान के दौरान महादेव गोहर, विजय, ऋषभ करोसिया सहित नगर पालिका की टीम मौके पर मौजूद रही। इन सभी ने मिलकर ठेले संचालकों से संवाद कर उन्हें वैकल्पिक स्थानों पर स्थानांतरित होने के लिए समझाइश दी। नगर पालिका ने इस कार्य को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से अंजाम दिया, जिससे कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी। नगर पालिका अधिकारियों ने यह भी कहा है कि आने वाले समय में अतिक्रमण के खिलाफ यह मुहिम और तेज की जाएगी।

साथ ही ठेला व्यवसायियों से आग्रह किया गया है कि वे नगर पालिका द्वारा चिन्हित स्थलों पर ही व्यवसाय करें ताकि न तो उनकी आजीविका प्रभावित हो और न ही आमजन को परेशानी उठानी पड़े। नगर पालिका द्वारा यह पहल न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार लाएगी, बल्कि शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण में भी अहम भूमिका निभाएगी। आगामी दिनों में नगर के अन्य हिस्सों में भी इस प्रकार की कार्यवाही जारी रहने की संभावना है।

**प्रेसवार्ता** पत्रकार वार्ता में दी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी

# पूर्व विधायक केके निकालेंगे 17वीं कावड़ यात्रा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव श्रावण मास में एक बार फिर इस बर्ष कांवड़ यात्रा निकालने जा रहे है। जिसको लेकर शुक्रवार को उन्होंने सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत सीताराम दास महाराज और क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह मौजूद रहे।**



पूर्व विधायक श्रीवास्तव ने बताया कि वे पिछले 16 सालों से लगातार श्रावण मास में कांवड़ यात्रा निकालते आ रहे हैं। यह यात्रा का 17वां साल है। पिछले तीन सालों से यह यात्रा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने का संकल्प लेकर निकाली जा रही है। इस बार 4 अगस्त को टीकमगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत नन्ही टेहरी के मड़खरा तालाब से जल भरकर कांवड़ यात्रा शुरू होगी। एक दिवसीय यात्रा नन्ही टेहरी से शुरू होकर बुडेरा, पठा, पुरानी टेहरी होते हुए शहर में प्रवेश करेगी। नगर के प्रमुख रास्तों से होते हुए यात्रा शिव धाम कुंडेश्वर तक जाएगी। वहां भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से अभिषेक और पूजन किया जाएगा। भोलेनाथ से जिले की सुख.समृद्धि और विकास के लिए प्रार्थना की जाएगी।श्रीवास्तव ने बताया कि एकदिवसीय यात्रा के अलावा इस बार पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए साल भर यात्रा जारी रहेगी। इसके लिए अलग-अलग चरण तय किए गए हैं। पहले चरण में टीकमगढ़ के 11 तालाबों को शामिल किया गया है। जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों के साथ टीम बनाकर इन तालाबों की फीडर नहरों का निरीक्षण किया जाएगा। जहां-जहां फीडर नहर पर अतिक्रमण होगा वहां स्थानीय लोगों और जिला प्रशासन की मदद से अतिक्रमण हटाने के प्रयास किए जाएंगे। इस तरह साल भर में जिले के 77 तालाबों का भ्रमण किया जाएगा। उनका उद्देश्य है कि जिले के सभी तालाब अतिक्रमण मुक्त हों। पूरा पानी तालाब में संरक्षित किया जा सके।

### तालाबों को अतिक्रमण से मुक्त कराने जारी रहेगी यात्रा

पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव श्रावण मास में एक बार फिर इस बर्ष कांवड़ यात्रा निकालने जा रहे है। जिसको लेकर उन्होंनें शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि जिले में लगभग 486 तालाब हैं। अगर साल भर इनमें भरपूर पानी रहा तो जिले के किसानों को खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। कांवड़ यात्रा एकदिवसीय यात्रा के अलावा इस बार पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और तालाबों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए साल भर यात्रा जारी रहेगी।

## संभागायुक्त ने निरीक्षण कर किया वृक्षारोपण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। संभागायुक्त अनिल सुचारी ने जिले के प्रवास के दौरान बड़ागांव धसान तहसील में निर्माणाधीन सीएम राईज स्कूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होनें कलेक्ट्रेट परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।**

इस अवसर पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, तहसीलदार बड़ागांव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। संभागायुक्त अनिल सुचारी ने बड़ागांव धसान तहसील में स्थित अनुसूचित जनजाति छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी छात्रावास के बच्व्चों से संवाद भी किया।

## मेले में 67 अभ्यर्थियों को दिए ऑफर पत्र



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन टीकमगढ़ के सहयोग से शापीजी कॉलेज, टैगोर हॉल, कुण्डेश्वर रोड में जिला स्तरीय युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 67 अभ्यर्थियों को ऑफर पत्र दिए गए।**

रोजगार मेले में 4 कंपनियों वर्धमान फ्रे बरिक्स बुधनी, एसआईएस सिक्योरिटी अनुपपुर, नौकरी फाई डॉट कॉम भिण्ड तथा श्रीराम लाईफ इन्शोरेन्स कंपनी टीकमगढ़ के प्रतिनिधि सम्मिलित हुये।

युवा संगम,रोजगार मेला में 215 अभ्यर्थी उपस्थित हुये। विभिन्न कम्पनियों से आये प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 136 अभ्यर्थियों का प्राथमिक रूप से चयन किया तथा 67 अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किया।